छोटा विज्ञापन
Size 5x5 Sq.cm. बड़ा लाभ
Classified &
Business Advertising
Online Booking
Cont: 70159-36526

सर्वश्रेष्ठ सांध्य दैनिक 92544-59706, 92155-24089

समय के साथ हर पल की खबर, हर कदम आगे हर क्षण की परख

# समरघोष

सरिया ही सरिया
TATA TISCON
JOY OF BUILDING
अब सिरसा का एकमात्र शोरूम
कटारिया आयरन स्टोर
92551-73033 92152-46546

● E-mail: samarghoshsirsa@gmail.com ● वर्ष 27 ● अंक 350 ● सिरसा शनिवार, 10 मई 2025 ● मूल्य 2.00 ● पृष्ठ-8

RERA REGISTRATION NO.:
HRERA-PKL-SRS-679-2025
https://haryanarera.gov.in/Projects

भारतीय सेना
हमारी रक्षा, हमारा गौरव
सरहद पर खड़े जवानों को सलाम,
आप हैं तभी हम सुरक्षित हैं ।



SHREEMAT
CITY CENTRE
SIRSA
A UNIT OF SHREEMAT TEXWORTH PVT. LTD.

info@citycentresirsa.com | 800 700 6006
SITE: OPPOSITE HOTEL AROMA INN, DABWALI ROAD, SIRSA-125055 (HARYANA)

# सिरसा में गिरी मिसाइल, नुकसान नही

## रात को धमाकों से लोगों में हड़कंप
## वायुसेना अधिकारियों ने मिसाइलों के पाट्र्स लिए कब्जे में
## प्रशासन बोला, हिदायतों का पालन करें आमजन, कंट्रोल रूम स्थापित




**सिरसा (समरघोष)।** पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनावपूर्ण माहौल के बीच बीते शुक्रवार की रात पाकिस्तान की ओर से सिरसा जिले के दो विभिन्न स्थानों पर मिसाइलें दागी गई जिन्हें भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम बना दिया। इस हमले को नाकाम बनाने के बाद इन मिसाइलों के पाट्र्स रानियां रोड स्थित खाजाखेड़ा के पास तथा दूसरी मिसाइल के टुकड़े फिरोजाबाद चकसाहिबा के समीप मिले। इन टुकड़ों को भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने शनिवार को सुबह अपने कब्जे में ले लिया। भारत पाक की ओर से एक दूसरे पर वार पलटवार के बीच पाकिस्तान ने बीते शुक्रवार को जम्मू से लेकर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात के महत्वपूर्ण सैनिक ठिकानों के साथ-साथ महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों को भी निशाने बनाने के लिए ड्रोन एवं मिसाइलों को दागा जिन्हें भारतीय वायुसेना की ओर से लगाए गए एयर डिफेंस सिस्टम ने पूरी तरह से मटियामेट कर दिया। यही कारण रहा कि सिरसा में भी इन मिसाइलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने बीच रास्ते में ही हिट कर दिया। माना जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब भारत ने पाक स्थित आतंकी ठिकानों को तबाह करना आरंभ कर दिया है, तभी से पाकिस्तान ने बौखलाहट में भारत के उत्तरी स्थानों को निशाने पर लेकर मिसाइलें व ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं। सिरसा में बीते शुक्रवार को गिराई गई मिसाइल के चलते अब सिरसा में एयरफोर्स एवं पुलिसबल की एक्टिविटी बढ़ गई है। सिरसा में दो जगहों पर रानियां चुंगी खाजाखेड़ा और फिरोजाबाद चकसाहिबा में डैमेज की गई मिसाइल के टुकड़े मिले हैं। फिरोजाबाद चकसाहिबा में गुरुद्वारे के पास मिसाइल नुमा पार्ट मिलने की सूचना पर शनिवार सुबह ही लोगों की भीड़ जुटी। सूचना पर एयरफोर्स टीम मौके पर पहुंची और दोनों मलबों को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद इस टुकड़े को अपने साथ ले गई। हालांकि एयरफोर्स अधिकारी इस पर कुछ भी खुलकर नहीं बोल रहे हैं। प्रशासन के अनुसार दोनों जगह से मलबा उठाकर कब्जे में ले लिया गया है और इसकी जांच की जा रही है।

फिलहाल पाकिस्तान के हमले को देखते हुए सिरसा से लेकर हिसार में अलर्ट जारी कर दिया है। प्रशासन की टीम सतर्क है और रातभर ब्लैक आउट की स्थिति रही। हिसार में तीन अस्पतालों में बर्न वार्ड बना दिए है, ताकि आगजनी में झुलसे लोगों को समय पर इलाज मिल सकें। वहीं इमरजेंसी से भी निपटने के लिए अन्य पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**सिरसा में स्थापित किए गए कंट्रोल रूम-**

सिरसा में जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तर पर दो कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। ये कंट्रोल रूम आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने व नागरिकों को सही जानकारी देने के उद्देश्य से स्थापित किए गए हैं। इसके जरिए हर एक्टिविटी पर निगरानी रखी जाएगी। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम को लघु सचिवालय के कमरा नंबर 18 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 01666-248882 है। इसी प्रकार सिविल डिफेंस से संबंधित दूसरा कंट्रोल रूम पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कमरा नंबर 11 में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 01666-247251 और 01666-248101 हैं। इन कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटियां रहेंगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

"हरे कृष्णा"



डॉ. एस. सी. प्रेमी

(सुपुत्र स्व. श्री हंस राज जी तनेजा )

सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा

1 सितंबर, 1940 – 7 मई, 2025 (भगवान कृष्ण के कमल चरणों में विलीन)

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूजनीय **डॉ. एस. सी. प्रेमी** सुपुत्र स्वर्गीय श्री हंस राज जी तनेजा, 7 मई, 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गये हैं। आपसे विनम्र निवेदन है कि उनके जीवन के **विदाई समारोह में शामिल होने के लिए रविवार, 11 मई, 2025 को जनता भवन (राम भवन), सिरसा में** आयोजित **प्रार्थना सभा** में पधार कर हमें अनुगृहित करें।

**समय: दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे**

ज्यों-ज्यों हुकम, तिवै त्यो होवणा
जह-जह रखै आप, तह जाय खड़ोवणा
अर्थ: जैसा तेरा हुक्म है, वैसा ही होता है।
जहाँ जहाँ तू स्वयं रखता है, वहाँ वहाँ मैं जाकर खड़ा होता हूँ।

सादर स्मरण

श्रीमती शशि प्रेमी (धर्मपत्नी)
शशांक सुत तनेजा एवं अमी तनेजा (पुत्र एवं पुत्रवधू)
डॉ. शिप्रा एवं डॉ. मुनीश (पुत्री एवं दामाद)
डा. ऋषभ, डा. डोना, मृगज, सारन्या,
निखिल कर्ण तनेजा एवं नमिता तनेजा (पुत्र एवं पुत्रवधू)
कर्मण्य- अर्जुन एवं इरीना (पौत्र एवं पौत्रियाँ)

## कांग्रेस ने निकाली जयहिंद यात्रा, भारतीय सेना को किया सलाम



**सिरसा।** भारतीय सेना के हालिया पराक्रम और आतंक समर्थक पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के सम्मान में कांग्रेस पार्टी द्वारा जय हिंद यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शनिवार को कांग्रेस भवन से शुरू होकर भगवान श्री परशुराम चौक पर संपन्न हुई। कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि सेना के शौर्य ने पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है। जय हिंद यात्रा के माध्यम से हम अपने वीर जवानों को सलामी देंगे और उनके बलिदान को नमन करेंगे। विधायक भरत सिंह बेनीवाल ने सेना के पराक्रम की प्रशंसा करते हुए सेना को सलाम किया। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने भी सभी नागरिकों *शेष पेज 3 पर...*

## सामाजिक समरसता की रीढ थे भगत धन्नाजी: सुनीता दुग्गल

### भगत धन्नाजी के जीवन पर लिखी पुस्तक का हुआ विमोचन
### ट्रस्ट की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की मंदिर, गुरुद्वारा बनाने की भूमिदान की घोषणा



**सिरसा।** सिरसा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि भगत धन्नाजी भारत में सामाजिक समरसता की रीढ थे जिनकी शिक्षाएं पाकर भारतीयों को धार्मिक व आध्यात्मिक राह पर आगे बढने् का अवसर मिला है। वे शनिवार को भगत धन्नाजी ट्रस्ट के बैनर तले जाट धर्मशाला में उनके जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि भारत सदैव ऋषि, मुनियों, पीर, पैगंबरों का देश रहा है और उनकी शिक्षाओं ने सदैव भारतीयों में संस्कारों की बेल को पोषित किया है, जो प्रत्येक भारतीयों में नजर आती है। इससे पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के अलावा नगरपरिषद सिरसा के चेयरमैन वीरशांतिस्वरूप भट्टी, युवा नेता कर्ण प्रताप सिंह बेदी, ट्रस्ट की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीटा कासनिया, ट्रस्ट के अध्यक्ष अमरीक सिंह राही, संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, वरिष्ठ पदाधिकारी महेंद्र घणघस व हनुमान गोदारा ने संयुक्त रूप से भगत धन्नाजी पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। इस उद्देश्य था कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग भगत धन्नाजी के जीवन को जानकर उनसे प्रेरणा ले सकें। ट्रस्ट के अध्यक्ष अमरीक सिंह राही ने जहां आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया वहीं संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा ने ट्र्स्ट की ओर से भविष्य में की जाने वाली कार्य गतिविधियों के सिलसिले में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंच संचालन वरिष्ठ पदाधिकारी महेंद्र घणघस व अंग्रेज सिंह औलख ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीटा कासनिया ने अपने गांव में भगत धन्नाजी के मंदिर और गुरुद्वारा साहिब बनाने के लिए भूमि देने की घोषणा की जिसे सभी ने सराहा। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि इस भूमि पर मंदिर व गुरुद्वारा एक साथ बनेगा। कार्यक्रम में रामकिशन खोथ, इंद्रपाल कसवां, शिंगारा सिंह, राजीव बागड़ी, मुकेश लाखलान, विनोद सहारण, गुरभेज सिंह ढिल्लों, कमलदीप शर्मा आदि मौजूद थे।

रजि. नं. 69313/97, मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक विनोद मेहता द्वारा अपने स्वामित्व में मुद्रित कॉमन ऑफसैट प्रिंटर्स, हिसार रोड, सिरसा एवं प्रकाशित फ्लैट नंबर-5,बब्बर बीज भंडार के ऊपर, जनता भवन रोड, सिरसा से प्रबंध संपादक अरुण मेहता। *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्यायक्षेत्र सिरसा होगा ) website: www.samarghosh.in

# विद्यार्थियों को दिए आत्मनिर्भर बनने के टिप्स

**सिरसा।** जनशिक्षण संस्थान सिरसा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की ओर से शनिवार को भगत नामदेव धर्मशाला में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 300 पूर्व प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक धर्मपाल गर्ग ने रिबन काटकर किया। संस्थान के कार्यक्रम सहायक अंशुल जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में एक्सपर्ट संस्थान के निदेशक मुख्य वक्ता विनीत छाबड़ा ने उद्यमिता के गुर सांझा किए और विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसने सभी का मन मोहा। कार्यक्रम के दौरान मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें जिया ने प्रथम, आरजू ने द्वितीय




और किरण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार अरजमीत को मिला। इस अवसर पर काजोल और कल्पना को सौभाग्यशाली श्रोता से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में सिमरन सोनी, सोनिया रानी और मुस्कान सोनी शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार ने किया, जबकि कार्यक्रम अधिकारी पुनीत कुमार, पूनम ऐलावादी, रेखा सोनी, मंजू वाला, आशा फुटेला, आशा कंबोज, रीतू सोनी, सीमा सोनी और संतोष रानी सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

जन शिक्षण संस्थान निदेशक धर्मपाल गर्ग ने सभी विजेताओं और मेहमानों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# देविवि कर्मचारी संघ के चेयरमैन बने बजरंगलाल

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ हरियाणा की कार्यकारिणी के चुनाव करवाए गए, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के पंजाब, हरियाणा के प्रभारी एवं राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री कृष्णलाल गुर्जर ने की। इस अवसर र सर्वसम्मति से चेयरमैन बजरंगलाल, प्रधान रविंद्र सैनी, वरिष्ठ उपप्रधान संजय श्योराण, उपप्रधान लीलूराम जांगड़ा, सचिव डॉ. सुरेंद्र हांडा, सहसचिव मनोज रेहलन, सहसचिव रोहताश गुर्जर, कोषाध्यक्ष प्रवीन कपूर, कार्यकारी सदस्य रामशब्द, अनिल कुमार, अनिल गुर्जर, राजकुमार वर्मा, रामनाथ को नियुक्त किया गया है। कृष्ण गुर्जर ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कर्मचारियों के हित में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कृष्णलाल गुर्जर ने वर्तमान में देश के हालात को देखते हुए आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा जारी हिदायतों का




पालन करें। झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य बनाकर रखें। उन्होंने समस्त कार्यकारिणी की ओर से सीमाओं पर देशवासियों की रक्षा कर रहे वीर जवानों की सलामती भी मांगी।

इस मौके पर हरियाणा राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भाल सिंह जाखड़ व डॉ. सुमित सैनी भी उपस्थित रहे।


# सेवा सुरक्षा अधिनियम जल्द लागू हो: ठाकुर

**सिरसा।** सरकार द्वारा घोषणा के लगभग 9 महीने बीत जाने के बाद भी सेवा सुरक्षा अधिनियम-2025 लागू न करने के विरोध में हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ के सदस्य कालांवाली उपमंडल अधिकारी के कार्यालय में एकत्रित हुए व रोष प्रदर्शन किया। इस मौके पर मौजूद संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीवन सिंह ठाकुर ने सभी कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और फिर उपमंडल अधिकारी को मांग पत्र सौंपा व कर्मचारियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपमंडल अधिकारी से बैठक की। बैठक में उपमंडल अधिकारी ने पूरी वार्तालाप को सुना व गलत तरीके से किए गए कर्मचारियों के तबादले को तुरंत प्रभाव से रद्द करते हुए कुछ मांगें जल्दी ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया। अंत में जीवन सिंह ठाकुर ने बताया कि एक तरफ तो सरकार कच्चे कर्मचारियों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है और दूसरी तरफ कुछ अधिकारी कच्चे कर्मचारियों को गुलाम बनाए रखने की नियत से उनके गलत तबादले करके उनको दबाए रखना चाहते हैं और उनका शोषण कर रहे हैं। ठाकुर ने चेताया कि अगर जल्दी ही सरकार सेवा सुरक्षा अधिनियम लागू नहीं करती और अधिकारी अपनी गलत नियति




से बाज नहीं आते तो संघ अपने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए किसी भी स्तर पर आंदोलन करने के लिए तैयार रहेगा। शनिवार को रोष प्रदर्शन में अजय शर्मा, सुखविंद्र सिंह, रमनदीप सिंह, रवि, दीदार सिंह, मंतर सिंह, इकबाल सिंह, विकास कुमार, रविंद्र सिंह, अमरजीत सिंह आदि साथी मौजूद रहे।

# आतंक के अजगर को कुचलने में आर्यसमाज देश के साथ: गहलोत




**सिरसा।** बेगू रोड स्थित आर्यसमाज सिरसा के कार्यकारी प्रधान भूपसिंह गहलोत ने शनिवार को साप्ताहिक हवन यज्ञ व वैदिक सत्संग में जहां पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी वहीं देश में भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे तनावपूर्ण माहौल पर चर्चा करते हुए पाक स्थित आतंक के ठिकानों को ध्वस्त करने के सेना के साहसपूर्ण कार्यों की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर उपस्थित आर्यजनों को संबोधित करते हुए भूपसिंह गहलोत ने कहा कि भारत ने सदैव शांति का रूख किया है, मगर पाकिस्तान की ओर से भेजे गए आतंकियों द्वारा जिस प्रकार भारतीयों की नृशंस हत्या की गई, उसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से आतंकी अजगर को कुचलने के लिए जिस प्रकार की कार्रवाई की जा रही है, उसमें पूरा देश एकजुट है। उन्होंने कहा कि आर्यसमाज ने देश की आजादी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अब भी वह किसी भी प्रकार की सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि देश सर्वोपरि है और यही कारण है कि देश का एक एक व्यक्ति पूरी निष्ठा व एकजुटता से देश की सरकार व सेना के साथ है। उन्होंने कहा कि आर्यसमाज के संस्कारों में भी क्रूरतापूर्ण व कायरतापूर्ण हरकतें करने वाले दुश्मन के दांत खट्टे करने का वर्णन है और भारत आज उन्हीं संस्कारों का पालन करते हुए दुष्टों को दंडित कर रहा है।

इस अवसर पर डॉ. राजकुमार निजात, प्रो. सुभाष वर्मा, विजयपाल सैनी, बलराज आर्य, योगार्थी कुलदीप सिंह, ओमप्रकाश आर्य, कौशल्या आर्या, समाजसेवी डॉ. लेखराज लूथरा, पूर्व प्रबंधक गंगाराम वर्मा, पूर्व एमसी आरके वर्मा, इंद्रसिंह गोयल, कृष्ण मलिक, वंश आर्य, गौतम आर्य, लविश आर्य सहित अनेक आर्यजन मौजूद थे।


## बेदखली सूचना

मैं सत्यनारायण पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी गांव चौबुर्जा, तहसील व जिला सिरसा का स्थाई निवासी हूं। अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे तीन बच्चे दो लड़के व एक लड़की है। मेरा बड़ा बेटा संदीप पिछले कुछ समय से मेरे कहने-सुनने से बाहर है और मनमानी करता है। मैं उसे अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में कोई भी इसके साथ किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो वह स्वयं जि मेवार होगा। मेरी या मेरे परिवार की कोई जि मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार


# जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने प्रवक्ता ज्याणी को खिलाई मिठाई

## जेजेपी जिला प्रेस प्रवक्ता बनने पर दी बधाई

## ज्याणी बोले, पार्टी व मीडिया के बीच बनूंगा सेत



**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला, पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला व जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने गहन विमर्श के बाद पार्टी में प्रवक्ता के तौर पर अपना दायित्व निभाते आ रहे अमर सिंह ज्याणी को पुनः प्रवक्ता का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। पार्टी प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने अपनी नियुक्ति पर शनिवार को चौटाला हाउस पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. अजय सिंह चौटाला ने प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। डॉ. चौटाला ने आशा व्यक्त की है कि पार्टी के प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने सदैव पार्टी की कल्याणकारी नीतियों और कार्यों को मीडिया में बेहतर तरीके से प्रचारित किया और उसी के परिणामस्वरूप पार्टी की पूरे जिले में एक लोकप्रिय राजनीतिक व सामाजिक संगठन के रूप में छवि बनी। वहीं नवनियुक्त पार्टी के जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि वे पार्टी और मीडिया के बीच एक मजबूत सेतु की भांति कार्य करेंगे और पार्टी की कल्याणकारी नीतियों को प्रचारित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर जेजेपी के वरिष्ठ नेता राधेश्याम शर्मा, जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी, सुखमंदर सिहाग, अनिल कासनिया, शगनजीत सिंह गिल, कुलदीप जांगू, नितिन टांडी, अजब ओला, राजेंद्र कसवां एडवोकेट, अमन गिल, जयपाल नैन, दीपक भाटिया, संदीप खैरेकां, दीपक शर्मा, शारदा सिहाग, पूजा महला, कादर खान, अकबर खान, कुलदीप करीवाला, विनोद बिजारणियां, मंजीत सिंह व जसबीर आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे और उन्होंने भी ज्याणी की नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# नहीं चुकाया जा सकता मां का कर्ज: सुमन वर्मा

**सिरसा।** भारत गर्ल्ज वेल्फेयर ट्रस्ट, भावदीन की ओर से मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि श्री लक्ष्मीनारायण संकीर्तन महिला मंडल की अध्यक्ष सुमन वर्मा ने शिरकत की। ट्रस्ट की ओर से उनका स्वागत प्रिंसिपल मंजू शर्मा व भारत शर्मा ने किया। सुमन वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि मां ढाल बनकर हर मुसीबत में अपने बच्चों की रक्षा करती है। वर्मा ने माताओं की ममता, त्याग और प्यार की सराहना करते हुए कहा कि मदर्स डे केवल एक दिन मनाने का नहीं, बल्कि हर दिन मां का सम्मान करना चाहिए। मां हमारे जीवन की पहली शिक्षक, मित्र और मार्गदर्शक होती है। उनका स्नेह और सेवा अमूल्य होती है, जिसे किसी एक दिन में पूरा चुकता नहीं किया जा सकता। वर्मा ने कहा कि मातृ दिवस का उद्देश्य केवल एक दिन मां को सम्मान देना नहीं है, बल्कि यह याद दिलाना है कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा है और हमें उन्हें प्रतिदिन आदर देना चाहिए। इस दौरान सुमन वर्मा ने अपनी




टीम के साथ बच्चों को स्टेशनरी वितरित की और अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रिटायर्ड डीआरओ ओमप्रकाश वर्मा, सविता गोयल, वर्षा भोला, सीमा वधवा, पूजा बांसल, डॉ. इंद्र गोयल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# भारत पाक तनाव के बीच पार्षद मोनिका सर्राफ की नई पहल

## नप चेयरमैन को सौंपा अमूल्य सुझाव पत्र
## आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी परामर्श का चेयरमैन ने किया स्वागत

**सिरसा (समरघोष)।** वार्ड नंबर 17 की पार्षद मोनिका सर्राफ ने भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल में अपने नागरिक कर्तव्य की पालना में नगरपरिषद सिरसा के चेयरमैन वीर शांतिस्वरूप भट्ठी को अमूल्य सुझावों का पत्र सौंपा जिसकी पालना से इस तनावपूर्ण माहौल में प्रत्येक आमजन को अपनी सुरक्षा संरक्षा करने में सहायता मिलेगी। पार्षद मोनिका सर्राफ द्वारा नप चेयरमैन को सौंपे गए अपने अमूल्य सुझाव पत्र में कहा गया है कि सभी शहरवासियों से सामूहिक अपील की जाए कि आपात स्थिति में कम से कम लाइट का उपयोग करें व जैसे ही ब्लेकआउट से संबंधित सायरन बजता है तो उसकी अनुपालना में लाइटें तत्परता से बंद करें। साथ ही व्यापारियों व प्रतिष्ठान संचालकों से आग्रह किया जाए कि वे शाम को अपने प्रतिष्ठान बंद करते समय अपनी बाहरी लाइटें व बाहर के ग्लोसाइन बोर्ड व एलईडी बोर्ड की लाइटें बंद अवश्य करें। पार्षद मोनिका सर्राफ की ओर से सुझाव दिया गया है कि जब तक आपात स्थिति है तब तक व्यवसायिक रूप में शाम 7.30 बजे बाजार बंद करने का आदेश जारी किया जाए। इससे बाजारों में वाहनों की आवाजाही भी कम होगी और वाहनों से जलती लाइटों को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। आपात स्थिति के दृष्टिगत प्रत्येक वार्ड में कुछ ऐसे लोगों का समूह गठित किया जाए जो हर समय भोजन, चिकित्सा, पानी सहित तमाम आवश्यक सामाजिक कार्यों की पूर्ति के लिए तत्पर रहे। ब्लेकआउट की स्थिति में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का अवसर तलाश किए जा रहे हैं, ऐसे में आवश्यक है कि शहर में शाम के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। संदिग्ध व्यक्तियों को देखकर सख्ती से पूछताछ की जाए। सभी वार्डों में सोलर सिस्टम से चलने वाली लाइटों को बंद करने के उपाय किए जाएं। इसके अलावा आपात स्थिति में प्रत्येक वार्ड पार्षद अपने वार्ड में सुरक्षित स्थानों का भी चयन करे ताकि आवश्यकता के समय वार्डवासी उनका प्रयोग कर सकें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि वर्तमान समय में अलर्ट करने के उद्देश्य से स्थापित की गई सायरन व्यवस्था पर्याप्त नहीं है और यह शहर के समूचे इलाकों में भी नहीं सुना जा सकता। इसमें व्यापक सुधार कर मुनियादी आदि साधनों का प्रयोग किया जाए। प्रशासनिक तंत्र की सहायता से फुटपाथ पर लगी सब्जी एवं फलों की रेहड़ियों पर लगी लाइटों को भी शाम 7.30 बजे बंद करने का प्रावधान किया जाए। उपरोक्त महत्वपूर्ण सुझावों को पाकर नगरपरिषद सिरसा के चेयरमैन वीर शांतिस्वरूप ने पार्षद मोनिका सर्राफ के इस आमजन की सुरक्षा से जुड़े अमूल्य सुझावों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और उन्हें अमलीजामा पहनाने के हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# फसल की बिजाई से पूर्व मिट्टी की जांच जरूरीः डॉ. यादव

**सिरसा।** ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बी.डी. यादव ने किसानों को सही समय पर बिजाई, बीजोपचार, संतुलित खाद का प्रयोग व अनावश्यक खरपतवारनाशक दवा के प्रयोग न करने संबंधी आवश्यक जानकारी दी। वे शनिवार को जिले के गांव साहुवाला प्रथम में ग्वार फसल पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने किसानों को सलाह दी किसी भी फसल की बिजाई से पहले अपने खेत की मिट्टी व पानी की जांच अवश्य करवाएं तथा खाद का उपयोग मिट्टी की जांच के आधार पर करें। मिट्टी जांच से यह पता चलता है किस जमीन में कौन से पोषक तत्व की कमी है। ग्वार विशेषज्ञ डॉ. यादव ने बताया कि इस क्षेत्र में ज्यादातर जमीन हल्की होने के कारण जड़गलन रोग काफी बढ़ता जा रहा है और इस बीमारी व इसकी रोकथाम के बारे में किसानों को बिल्कुल जानकारी नहीं है। इसलिए इस तरह की ट्रेनिंग करना और भी जरूरी हो जाता है। डॉ. यादव ने किसानों को विशेष सलाह दी कि इस क्षेत्र में पानी की कमी है और पानी का स्तर बहुत नीचे गिरता जा रहा है। इसलिए किसान पानी लगाकर ग्वार की बिजाई न करें। ग्वार



की अच्छी पैदावार लेने के लिए जून का दूसरा पखवाड़ा बिजाई के लिए सबसे उचित है, परंतु जिस किसान के पास अच्छी किस्म का फालतू पानी उपलब्ध है और ग्वार के बिजाई के लिए पानी लगाकर मध्य जून के महीने में बिजाई कर सकते हैं। इस अवसर पर राजकुमार, सुभाष, देवीलाल, सज्जन सिंह, जगदीश, छबीलदास, संदीपकुमार, हरफूल सिंह, मांगेराम आदि किसान मौजूद थे।

# सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण पाबंदीः एसपी

### सूचना देने वाले को नकद राशि से किया जाएगा सम्मानित

**सिरसा।** सिरसा में धारा 163 के तहत ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण रुप से पाबंदी लगाई गई है। पुलिस व जिला प्रशासन ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि अगर वे किसी संदिग्ध ड्रोन या वस्तु को उड़ते हुए देखते हैं, या किसी व्यक्ति को इन्हें उड़ाते हुए देखते हैं, तो वे तुरंत हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दें। पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पुलिस व जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पूरी तरह सतर्क हैं और जिले में शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने नागरिकों से इस दौरान शांति बनाए रखने और प्रशासन के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। सूचना देने वाले नागरिक को जिला प्रशासन द्वारा नकद राशि के साथ सम्मानित किया जाएगा। यह कदम सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

# सर्राफ दंपति ने वार्ड 17 में युद्धस्तर पर आरंभ किया विकास कार्य

### सीवरेज की गाद निकालने, सीवर के नए ढक्कन लगाने को दी प्राथमिकता, निजी कोष से टूटी सड़कों के गड्ढों को भरवाया

**सिरसा।** विकास को समर्पित वार्ड नंबर 17 की पार्षद मोनिका सर्राफ एवं पार्षद प्रतिनिधि पंकज सर्राफ ने रविवार को अपने वार्ड में सीवरेज प्रणाली की व्यवस्था को चाक चौबंद करने के उद्देश्य से युद्धस्तर पर कार्य आरंभ करवाया।

इस सिलसिले में पार्षद मोनिका सर्राफ एवं पार्षद प्रतिनिधि पंकज सर्राफ ने मौके पर संयुक्त रूप से बताया कि वार्डवासियों को बेहतर सीवरेज प्रणाली की सुविधा देने के उद्देश्य से भादरा बाजार स्थित शनि मंदिर वाली गली में सीवरेज की सफाई करने वाली मशीन की सहायता से कार्य आरंभ किया गया और वार्ड की विभिन्न गलियों में सीवरेज की गाद निकलवाकर उसे व्यवस्थित करवाया गया। साथ ही वार्ड की विभिन्न गलियों में सीवरेज के टूटे ढक्कनों को बदलवाया ताकि किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो। सर्राफ दंपति ने बताया कि उपरोक्त कार्यों के साथ ही समीपवर्ती वार्ड 20 में निजी कोष से टूटी सड़कों में पड़े गड्ढों को भरवाया और अब इस कार्य को जनहित में अपने वार्ड 17 में भी तेजी से आरंभ करवाया जाएगा। वहीं वार्डवासियों ने अपनी पार्षद मोनिका सर्राफ एवं पार्षद प्रतिनिधि पंकज सर्राफ का उपरोक्त कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया है।

# घायल भाजपा मंडल उपाध्यक्ष का महेंद्रू ने जाना हालचाल

**सिरसा।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीतिश महेंद्रू शनिवार को अपने अन्य सहयोगियों के साथ झगड़े में घायल हुए भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गुरभेज सिंह का हालचाल जानने पहुंचे। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीतिश महेंद्रू ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना।

गुरभेज सिंह ने इस अवसर पर नीतिश महेंद्रू को झगड़े की सारी घटना की जानकारी दी। नीतिश महेंद्रू व प्रगट सिंह भंबूर ने इस मौके पर पुलिस प्रशासन से मांग की कि हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# एटीएम कार्ड बदलकर लगाई 75 हजार की चपत

**सिरसा।** कीर्तिनगर में एटीएम से पैसे निकलवाने गए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर शातिर ठगों ने उसे 75 हजार रुपए की चपत लगा दी। पुलिस को दिए बयानों में कंगनपुर रोड निवासी देवीलाल ने बताया कि शाम को वह एटीएम से पैसे निकलवाने के लिए गया था। एटीएम मशीन में एटीएम लगाने के बाद भी राशि नहीं निकली। तभी वहां दो युवक आए और उन्होंने मदद की बात कही।

युवकों ने उसका एटीएम लेकर लगाया और जैसे ही उसने पिन लगाया तो युवकों ने देख लिया। इसके बाद भी राशि नहीं निकली। इसी दौरान बातों में लगाकर युवकों ने उसका एटीएम बदल लिया और वहां से चले गए। कुछ देर बाद वह घर पहुंचा तो उसके मोबाइल पर 75 हजार रुपए की ट्रांजेक्शन के मैसेज आया तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। उसने एटीएम संभाला तो वह बदला हुआ था। उसने तुरंत बैंक के नंबर पर फोन कर एटीएम बंद करवाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चोरीशुदा बाइक सहित युवक काबू

**सिरसा।** गणेश धर्म कांटा के निकट वाहनों की चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को चोरी की बाइक सहित काबू किया। पकड़े गए युवक की पहचान अरूण निवासी खारा बरवाला, आदमपुर जिला हिसार हाल गांव शेरपुरा, सिरसा के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि डबवाली रोड स्थित गणेश धर्म कांटा के निकट शहर थाना पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक पुलिस टीम को सामने देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे काबू कर बाइक के कागजात मांगे तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिसपर पुलिस बाइक सहित युवक को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस पूछताछ में अरूण ने बताया कि उसने यह मोटर साईकिल नारनौल से चोरी किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चालान की राशि नहीं करवाई जमा, बैंक कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज

**सिरसा।** शहर के एसबीआई की मेन ब्रांच के कर्मचारी के खिलाफ गड़बड़ी कर चालान की राशि जमा नहीं करवाने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयानों में एसबीआई के मुख्य प्रबंधक ने बताया कि आरोपी अजय मंडल इसी शाखा में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। ब्रांच के अंदर सरकारी विभाग व ट्रेजरी से संबंधित सभी राशियां चालान द्वारा जमा होती हैं। बीती 18 मार्च 2025 को 3977262 रुपए का चालान शाखा में जमा हुआ। जमा होने के बाद जमा की एंट्री के साथ छेड़छाड़ करके आरोपी अजय मंडल ने एंट्री को कैन्सिल कर दिया और चालान की राशि नाजायज तौर पर निकाल ली। इसी प्रकार 29 मार्च 2025 को तीन चालान 500000, 400000 व 500000 रूपए के जमा करवाने के लिए दिए गए और अजय ने चालान पर बैंक की स्टेंप लगाकर चालान की रसीद कस्टमर को दे दी जबकि यह राशि जमा नहीं करवाई। इस संदर्भ में जब कस्टमर द्वारा बीती 8 अप्रेल 2025 को उन्हें बताया गया कि उनकी राशि सरकारी खजाने में जमा नहीं हुई है। तब आरोपी ने 09 अप्रेल 2025 को वह राशि जमा करवाकर नई रसीद दे दी। इसी प्रकार बीती 02 अप्रेल 2025 को 500000 रूपए की राशि भी बैंक में चालान द्वारा जमा हुई। इस राशि के जमा होने के बाद एंट्री के साथ छेड़छाड़ करके आरोपी अजय मंडल ने एंट्री को कैंसिल कर दिया और चालान की राशि नाजायज तौर पर निकाल ली। इसी प्रकार 11 अप्रेल 2025 को 2440964 रूपए की राशि चालान द्वारा बैंक में जमा हुई और जमा होने के बाद एंट्री के साथ छेड़छाड़ करके अजय मंडल ने एंट्री को कैंसिल कर दिया और चालान की राशि बैंक से नाजायज तौर पर निकाल ली। 25 अप्रेल 2025 को 123713, 202374, 1201531 राशि के तीन चालान जमा हुए और जमा होने के बाद अजय मंडल ने जमा एंट्री के साथ छेड़छाड़ करके एंट्री को कैंसिल कर दिया और चालान की राशि नाजायज तौर पर निकाल ली। आरोपी ने उपरोक्त चालान की राशि 3968582 रूपए 01 मई 2025 को बैंक में जमा करवाई। प्रबंधक ने बताया कि आरोपी ने पद का दुरुपयोग करते हुए अनैतिक तरीके से राशि को अपने पास रखा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एटीएम बदलकर निकाले 11500 रुपए

**सिरसा।** शहर के कंगनपुर निवासी व्यक्ति का एटीएम बदलकर शातिर युवकों ने 11500 रुपए निकाल लिए। पुलिस को दिए बयानों में कृष्ण कुमार ने बताया कि उसने बीती 8 मई की शाम को अपने भतीजे को रूपए निकालने के लिए एटीएम कार्ड दिया था। उसके भतीजे ने बेगू रोड स्थित एटीएम से 6 हजार रुपए निकाले। एटीएम व रुपए देकर वह चला गया। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर दो बार मैसेज आया, जिसमें 11500 रुपए की राशि निकाली गई। जब उसने एटीएम चैक किया तो वह बदला हुआ था। उसने भतीजे से पूछताछ की तो पता चला कि रुपए निकालने के दौरान दो युवक वहां मौजूद थे, जिन्होंने उसे बातों में लगाकर एटीएम बदला है। पुलिस ने शिकायत के आधर पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खेतों से हजारों की केबल चोरी

**सिरसा।** गांव अलीकां में एक किसान के खेतों से चोर हजारों रुपए की ट्यूब्वैल की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दिए बयानों में ज्ञान चावला ने बताया कि बीती 8 मई की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने खेतों में घुसकर उसके ट्यूब्वैल से करीब 225 फुट केबल चोरी कर ली, जिसकी कीमत करीब 25 से 30 हजार रुपए है। सुबह वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।